परमेश्वर सौम्य हैं

स्तुति - परमेश्वर, उसके गुण, उसके नाम व उसके स्वभाव की स्तुति ।

विशेषता: परमेश्वर सौम्य हैं

परिभाषा: जो स्वभाव या व्यवहार में सौम्य हो; दयालु या कोमल; कठोर या गंभीर नहीं

पवित्र शास्त्र(ओं): यशायाह 40:11; 1 राजा 19:11-12; मत्ती 11:28-29; मत्ती 21:5

कबूल - धीमे स्वर में, क्षमा करनेवाले परमेश्वर से, पापो को कबूल करना

यदि हम अपने पापों को मान लें, तो वह हमारे पापों को क्षमा करने, और हमें सब अधर्म से शुद्ध करने में विश्वासयोग्य और धर्मी है। 1 यूहन्ना 1:9

धन्यवाद् - यहोवा ने हमारे लिए जो कुछ दिया है, उसके लिए धन्यवाद् करो।

हर बात में धन्यवाद करो: क्योंकि तुम्हारे लिये मसीह यीशु में परमेश्वर की यही इच्छा है। 1 थिस्सलुनीकियों 5:18

मध्यस्थता - दूसरों की ओर से प्रार्थना में परमेश्वर के पास आना

अपने बच्चों के लिए - प्रत्येक माँ एक बच्चे को चुनती है। पहले वचन प्रार्थना करे फिर कोई एक विशेष अनुरोध के लिए।

पवित्र शास्त्र: *परमेश्वर _______ उसे प्राप्त हुई बुलाहट के योग्य जीवन जी सके; पूरी तरह से विनम्र, सौम्य और धैर्यवान हो; प्यार में दूसरों के साथ व्यवहार करे*
इफिसियों 4:1-2

शिक्षक / स्टाफ

पवित्र शास्त्र: अपने बच्चे के शिक्षकों के लिए नीचे दिए गए वचन का उपयोग करें।

कि तू __________________ की आंखे खोले, कि वे अंधकार से ज्योति की ओर, और शैतान के अधिकार से परमेश्वर की ओर फिरें; कि पापों की क्षमा, और उन लोगों के साथ जो तुझ पर विश्वास करने से पवित्र किए गए हैं, मीरास पाएं। प्रेरितों के काम 26:18

MomsInPrayer.org

Revised 2020—Copyright Moms in Prayer International 2020

स्कूल से संबन्धित चिंता

1. अपने विद्यालय में जागृति और आत्मिक जागृति के लिए प्रार्थना करें।
2. अपने स्कूल के कर्मचारियों और छात्रों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करें।
3. बच्चों के लिए प्रार्थना करे की वे सच्चाई की खोज करके उसका पीछा करे।
4. माता-पिता और बच्चों के बीच अच्छे प्रेम संबंधों के लिए प्रार्थना करें। घरों में मौखिक और शारीरिक शोषण के खिलाफ प्रार्थना करें।

MIPI चिंता

1. प्रार्थना करें कि दुनिया भर के हर स्कूल को प्रार्थना में ढका जाए, समूहों को स्थिर बनाए रखा जाए, और सेवकाई की सुरक्षा के लिए।।
2. परमेश्वर इस सेवा को एकता मे शुद्ध और निष्कलंक रखे व इसकी सुरक्षा करे।
3. मसीह के लिए अधिक बच्चों, स्कूलों व राष्ट्रों को प्रभावित करने के लिए, अनेक दान देनेवाले सेवकाई के साथ जुड़े।

याद रखें, इस समूह में जो प्रार्थना की जाती है, इसके भीतर ही रहता है!

Moms in Prayer INTERNATIONAL™
MomsInPrayer.org

Revised 2020—Copyright Moms in Prayer International 2020